कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-07.09.2023

नाबालिग लड़की को बहला-फुसला कर भगा ले जाने के मामले मे वांछित अभियुक्त दिनेश कुण्डु थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार, अपहृता/पीड़िता सकुशल बरामद।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के गुमशुदा/अपहृता की बरामदगी एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे, श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त कैन्ट के नेतृत्व में थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-333/2023 धारा 363/366 भा0द0वि थाना शिवपुर से सम्बन्धित अपहृता/पीड़िता को सकुशल बरामद करते हुए वांछित अभियुक्त दिनेश कुण्डु पुत्र बेदप्रकाश कुण्डु निवासी-ग्राम टिटौली थाना सदर जिला रोहतक हरियाणा को आज दिनांक-07.09.2023 को समय करीब 11.10 बजे बनारस स्टेशन मण्डुआडीह से गिरफ्तार किया गया। उक्त के सम्बन्ध में थाना शिवपुर पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

<u>गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-</u>

दिनेश कुण्डु पुत्र बेदप्रकाश कुण्डु निवासी-ग्राम टिटौली थाना सदर जिला रोहतक हरियाणा,उम्र करीब 27 वर्ष ।

<u>बरामदगी का विवरण-</u> नाबालिग अपहृता/पीड़िता उम्र 17 वर्ष ।

<u>गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>

1-उ0नि0 आनन्द प्रकाश थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

2-उ0नि0 धीरज कुमार सिंह थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

3-का0 आलोक शर्मा थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

4-म0का0 रोहिणी राणा थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी